तुम्हीं हो बिजली तुम ही अगन हो। हे नारी सबला शक्ति स्वरूपा, स्वीकार तुमको मेरा नमन हो,

जेएसपीएल फाउंडेशन जेपीएल तमनार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन





महिलाएं अपने लक्ष्य में बदलाव नहीं वरन् जिद्द व दुनिया बदले

श्रमबिन्दु / तमनार

जेएसपीएल फाउंडेशन, जेपीएल तमनार में 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को हर्षोल्लास एवं महिला सशक्तिकरण को समर्पित करते हुए नए संकल्पों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न ग्रामों एवम् समुदाय के मध्य अपने श्रेष्ठ कार्यों से उदाहरण प्रस्तुत करने वाले महिलाओं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन एवं स्व सहायता समूह की महिलाओं, जनप्रतिनिधियों, सरपंचों जनपद पंचायत, जिला पंचायत सदस्यों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों, स्वास्थ्य विभाग के एएनएम एवं जेएसपीएल फाउंडेशन के स्वास्थ्य संगीनियों को श्रीफल व शाल भेंट कर उन्हें सम्मान किया गया। कार्यक्रम सुश्री अनुराधा पटेल, तहसीलदार के मुख्य आतिथ्य में, श्रीमती चांदना पाल, अध्यक्ष, महिला मंडल की अध्यक्षता में एवम् श्रीमती किरण गुप्ता थाना प्रभारी, तमनार, श्रीमती सविता राठिया, अध्यक्ष जनपद पंचायत तमनार, श्रीमती सुभद्रा राठिया,जिला पंचायत सदस्य, श्रीमती माया दत्ता सामाजिक कार्यकर्ता एवं एक्टिविस्ट रायगढ़, श्रीमती विभा, निर्देशिका एवं सामाजिक कार्यकर्ता एवं प्रेरणा महिला मंडल जेपीएल के समस्त सदस्यों की गरिमामई विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुश्री अनुराधा पटेल, कार्यक्रम की अध्यक्षा श्रीमती चंदना पाल, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्रीमती किरण गुप्ता, जनपद पंचायत तमनार की अध्यक्षा श्रीमती सविता राठिया एवं सीएसआर जेपीएल तमनार के प्रमुख श्री ऋषिकेश शर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधि, स्व सहायता समूह की महिलाओं को विश्व महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की।

